# जनता भ्रष्टाचार से त्रस्त : आजसू

## जेएमएम सोरेन परिवार की पार्टी है : चंद्रप्रकाश

## रामगढ़ सदर का अंचल कार्यालय में हल्ला बोल




खबर मन्त्र संवाददाता

**रामगढ़।** आजसू पार्टी ने शनिवार को रामगढ़ प्रखंड सह अंचल कार्यालय के समक्ष हल्ला बोल कार्यक्रम हुआ। इसकी अध्यक्षता जिला अध्यक्ष दिलीप दांगी एवं संचालन जिला सचिव लालचंद महतो ने किया। कार्यक्रम में मुख्य गिरिडीह सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी, विधायक सुनीता चौधरी, बड़कागांव विधानसभा प्रभारी रोशन लाल चौधरी, मांडू विधान सभा प्रभारी तिवारी महतो उपस्थित थे।

हल्ला बोल कार्यक्रम में आजसू पार्टी जिला कार्यालय रामगढ़ से सैकड़ों कार्यकताओं चंद्रप्रकाश चौधरी, सुनीता चौधरी, रोशनलाल चौधरी , तिवारी महतो के नेतृत्व में सुभाष चौक, बिजुलिया होते हुए जुलूस रामगढ़ प्रखंड सह अंचल कार्यालय पहुंचा। जहां सभा का आयोजन हुआ। चंद्रप्रकाश चौधरी ने कहा कि वर्तमान झारखंड सरकार सिर्फ लूटने में मस्त है। जनता भ्रष्टाचार से त्रस्त है।पूरे प्रदेश में भ्रष्टाचार की बुनियाद खड़ी कर दी गई है । हर क्षेत्र में इस सरकार के और सरकार के शासन प्रशासन में भ्रष्टाचारी भरी हुई है।राज्य सरकार हर मोर्चे पर विफल है। जनहित की योजनाएं धरातल पर नहीं हैं। राज्य में जमीन दाखिल - खारिज हेतू लाखों आवेदन लंबित हैं। अबुआ आवास योजना में पारदर्शिता नहीं है,नदी घाटों की नीलामी नहीं हुई है जिससे बालू उपलब्ध नहीं है । लाभुक घर बनाए तो बनाए कैसे । उसमे भी कालाबाजारी, मनरेगा का भुगतान नहीं हो रहा, छात्र - छात्राओं को जाती एवं आवासीय प्रमाण पत्र बनवाने में कठिनाई का सामना करना पड़ रहा, किसानों को खाद एवं बीज की आपूर्ति समय पर नहीं हो रही है। सुनीता चौधरी ने कहा कि जेएमएम की सरकार जो कहती है कि हम आदिवासियों मूलवासियों की पार्टी है। वही हेमंत सोरेन जो लूट खसोट भ्रष्टाचारी के चलते 5 महीना जेल की सलाखों के पीछे चले गए। जब बेल पर रिहा हुए हेमंत सोरेन ने सबसे अनुभवी नेता मुख्यमंत्री चंपई सोरेन को गद्दी से हटा दिया, ताकि वो सत्ता का सुख भोग सकें। उन्होंने कहा कि राज्य में बेरोजगारी बढ़ी है। प्रदेश में विधि व्यवस्था चरमराई हुई है। कार्यक्रम को विजय साहू, धनेश्वर महतो, सरस्वती देवी, भोला तुरी, तपेश्वर महतो, गोपाल चौधरी, गोबिंद मुंडा, कपिल देव मुंडा, केन्द्रीय सचिव ब्रह्मदेव महतो, अमृत लाल मुंडा, मनोज कुमार महतो, हेमलाल महतो, मदन महतो ,युगेश बेदिया, इंतखाब आलम, रीना साह ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम के बाद पार्टी के प्रतिनिधि मंडल ने बीडीओ को राज्यपाल के नाम 17 सूत्री ज्ञापन सौंपा।

# झारखंड में बनेगी भाजपा की सरकार : मनोज यादव

▸▸ बाबूलाल मरांडी से मिले पूर्व विधायक मनोज यादव, विस चुनाव को लेकर की चर्चा



बरही। हजारीबाग सर्किट हाउस में भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष सह पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी से बरही के पूर्व विधायक सह भाजपा नेता मनोज कुमार यादव ने शिष्टाचार मुलाकात किया। इस दौरान पूर्व विधायक मनोज यादव ने प्रदेश अध्यक्ष का बुके देकर स्वागत किया। स्वागत के दौरान पूर्व विधायक श्री यादव ने चुनावी परिचर्चा किया और केंद्र में तीसरी बार मोदी सरकार बनने पर हर्ष व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि नरेंद्र मोदी देश को विकास, प्रगति, समृद्धि के युग की ओर ले जाएंगे और एक गौरवशाली राष्ट्र बनाएंगे। पूर्व विधायक श्री यादव ने राज्य सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि सरकारी कार्यालयों में भ्रष्टाचार चरम सीमा पर है और आम जनता इससे त्रस्त और परेशान है। उन्होंने कहा कि 2024 के विधानसभा चुनाव में राज्य की जनता बदलाव के मूड में है। सत्ता के लालच में जिस प्रकार हेमन्त सोरेन ने मुख्यमंत्री पद की शपथ ली है, इससे प्रतीत होता है कि सोरेन परिवार सिर्फ सत्ता के लिए राजनीति करती आई है। मौके पर वरिष्ठ समाजसेवी हरिश्चन्द्र सिंह, पूर्व मुखिया संघ अध्यक्ष राजदेव यादव, सतेंद्र सिंह, रामचंद्र सिंह सहित अन्य भाजपाई उपस्थित रहे।

दीपक प्रकाश का स्वागत : झारखंड बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी और झारखंड बीजेपी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश शनिवार को हजारीबाग पहुंचे। उनका भाजपा नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया। हजारीबाग सर्किट हाउस में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी और पूर्व अध्यक्ष दीपक प्रकाश से भाजपा के वरिष्ठ नेताओं ने मुलाकात की। हजारीबाग और आसपास के क्षेत्र में संगठन को मजबूत करने पर जोर दिया गया। बाबूलाल मरांडी और दीपक प्रकाश से मुलाकात करने वालों में भाजपा प्रदेश मीडिया सह प्रभारी योगेंद्र प्रताप सिंह, पूर्व जिलाध्यक्ष अशोक यादव, भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य गणेश यादव, अनिल मिश्रा सहित अन्य भाजपाई मौजूद थे।

## एनएच 522 जर्जर तीन दिन में दो की मौत व दर्जनों घायल

**दारु।** हजारीबाग से बगोदर जाने वाली एनएच 522 अत्यंत जर्जर हो गई है। सड़क पर बड़े-बड़े गड्ढे बन गए हैं, जिसके कारण आए दिन यहां पर हादसे हो रहे हैं और मासूम लोगों को अपनी जान सड़क दुर्घटना में गंवानी पड़ रही है। शनिवार को सिलवार और मेरु के बीच में एक युवक की सडक दुर्घटना में दर्दनाक मौत हो गई ,जबकि तीन अन्य लोग घायल हो गए। इससे पहले गुरुवार को भी झुमरा में एक व्यक्ति की मौत ट्रक के नीचे आ जाने से हो गई थी। सिलवार और मेरु के बीच दो बाइक पर सवार होकर चार लोग हजारीबाग से मेरु की तरफ आ रहे थे तभी एक दूसरे को ओवरटेक करने के प्रयास में बाइक का टायर सड़क पर बने गड्ढे में चला गया जिस कारण दोनों की बाइक असंतुलित होकर सड़क पर गिर गई।

इस दुर्घटना मे कुंडिलबाग खपरियावा हजारीबाग निवासी रौशन प्रताप की मौत हो गई । सिलवार और मेरु के लोगों ने कुछ देर के लिए सड़क जाम कर दिया ग्रामीण सड़क की जर्जर हालत को लेकर काफी गुस्से में थे।

## डीएवी पब्लिक स्कूल में पौधरोपण

**रजरप्पा।** सीसीएल रजरप्पा स्थित डीएवी पब्लिक स्कूल में 1 जुलाई से 6 जुलाई तक वन महोत्सव मना। कार्यक्रम में झारखंड प्रक्षेत्र डीके सहायक क्षेत्रीय अधिकारी सह विद्यालय प्राचार्य डॉ. एसके शर्मा के अतिरिक्त अन्य जूनियर एवं सीनियर विंग के शिक्षक-शिक्षिकाएँ, ऑफिस स्टाफ, चतुर्थवर्गीय कर्मचारी उपस्थित थे। वन महोत्सव में विद्यालय के पांचवीं से 11वीं की छात्राओं ने दर्जनों फलदार एवं छायादार पौधे लगाए। प्राचार्य डॉ. शर्मा ने जूनियर विंग के प्रांगण में पौधारोपण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस दौरान बच्चों ने बड़े उत्साह के साथ सागवान, नीम, आम, जामुन, अनार, अमरुद, कटहल, आदि दर्जनों छायादार एवं फलदार पौधे लगाए। विद्यालय प्राचार्य श्री शर्मा ने वन महोत्सव की महत्व और स्वच्छ पर्यावरण को बनाए रखने में पेड़ पौधों की भूमिका पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि सभी को प्रकृति के संरक्षण में योगदान देने की आवश्यकता है। बच्चों के उत्साह को देखकर प्राचार्य ने कहा कि यह उत्साह सुंदर पर्यावरण के निर्माण की झलक है। स्वच्छ एवं सुंदर पर्यावरण का होना अति आवश्यक है। पर्यावरण के बिना जीवन की कल्पना अधूरा है। बढ़ते प्रदूषण से मुक्ति पाने के लिए अधिक से अधिक पौधे लगाना अति आवश्यक है।

## ग्रामीण विकास विभाग के सचिव से मिली विधायक अंबा प्रसाद



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** विधायक अंबा प्रसाद के नेतृत्व में राज्य संपोषित वर्ल्ड बैंक द्वारा संपोषित जोहार परियोजना को एक्सटेंशन या जारी रखने हेतु ग्रामीण विकास विभाग के सचिव के श्रीनिवासन से मुलाकात की। वार्ता में विधायक अंबा प्रसाद ने सचिव से जोहार परियोजना के कैडर/कर्मियों को समायोजन करने की बात कही। इस दौरान जोहार परियोजना से वंचित हो रहे ग्रामीण लाभुक दीदीयो के साथ कैडर/कर्मियों के एक प्रतिनिधिमंडल ने भी एफपी भवन में मुलाकात कर विस्तृत चर्चा की। ज्ञात हो कि जोहार परियोजना के द्वारा उन्नत कृषि, पशुपालन, मछली पालन, वनों पर आधारित एवं सीमित संसाधनों की पहचान कर आजीविका संवर्धन हेतु ग्रांट/सब्सिडी एवं प्रशिक्षित कर उनकी आय बढ़ाने में काफी मददगार साबित हो रही थी। जिसकी प्रशंसा एम एंड क्रील, आईएफपीआरआई एक्ससे लाइवलीहुड एवं स्वयं वर्ल्ड बैंक के द्वारा किया गया है। किंतु जेएसएलपीएस के द्वारा 30 जून 2024 को परियोजना को समाप्त कर दिया गया है। जिससे उक्त परियोजना से जुड़े सभी संबंधित केडर एवं कर्मियों को परिवार पालने हेतु आर्थिक संकट का सामना करना पड़ रहा है।

## वरिष्ठ नागरिक मंच की बैठक में नये सदस्य हुये सम्मानित



**भुरकुंडा ।** भुरकुंडा पंचायत भवन में शनिवार को वरिष्ठ नागरिक मंच की बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता अशोक कुमार चौहान एवं संचालन आरपी राणा ने किया। बैठक की शुरूआत राष्ट्रगान से हुआ। सर्वप्रथम हाथरस में भक्तजनों के मृत्यु पर उनकी आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन धारण कर ईश्वर से प्रार्थना की गई। वहीं भुरकुंडा के वरिष्ठ नागरिक बबलू के पुत्र की अचानक मृत्यु होने पर उनकी आत्मा के शांति के लिए भी मौन रखा गया। हमेशा के भांति इस बैठक में भी वरिष्ठ नागरिको ने शपथ ली की हम हमेशा साथ-साथ है और एक दूसरे के सुख दुख में भागीदार बनेंगे। मौके पर अशोक कुमार चौहान ने कहा कि हम साथ-साथ हैं कहने से काम नही चलेगा। हमें साथ-साथ रहकर दिखाना होगा। बैठक के दौरान अति वरिष्ठ नागरिक मदन मोहन झा, मधुर मोहन मिश्रा, भवानी शंकर राय को आरपी राणा ने शॉल ओढ़ाकर एवं पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया। नये सदस्यों को भी मंच द्वारा पुष्प देकर सम्मानित किया गया।

# ए ला एग्लाइज स्कूल में क्रिकेट टूर्नामेंट शुरू

▸▸ हर क्षेत्र में बच्चों को अव्वल बनाने के लिए विद्यालय प्रबंधन कटिबद्ध : विजयंत कुमार



खबर मन्त्र संवाददाता

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** ए ला एंग्लाइज विद्यालय द्वारा कुप मैदान में शनिवार को अन्तर सदनीय क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारंभ कराया गया। टूर्नामेंट का उद्घघाटन जवाहर नगर पंचायत की मुखिया फूलमती देवी और प्राचार्य विजयंत कुमार ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया। बच्चों को संबोधित करते हुए मुखिया फूलमती देवी ने खेल-कूद जीवन का अभिन्न अंग है। खेलों से शारीरिक व मानसिक विकास भी होता है। उन्होंने कहा कि पढ़ाई के साथ-साथ बच्चों को खेल-कूद में भी रूची रखनी चाहिए। प्राचार्य विजयंत कुमार ने कहा कि विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए खेल-कूद लाभकारी होता है। इसलिए प्रत्येक वर्ष इस टूर्नामेंट का आयोजन किया जाता है। उन्होंने कहा कि बेहतर प्रदर्शन कर खेलो में भी करियर बनाया जा सकता है। प्राचार्य ने कहा कि पढ़ाई के साथ-साथ हर क्षेत्र में बच्चों को अव्वल बनाने के प्रति विद्यालय प्रबंधन कटिबद्ध है। उन्होंने कहा कि खेल-कूद अनुशासन की भी सीख देता है। शारीरिक शिक्षक कंचन सोनी ने बताया कि कक्षा 12वीं के बच्चे इस टुनार्मेंट के आयोजक हैं। टूर्नामेंट का पहला फ्रेंडली मैच बुद्धा सदन बनाम वाल्मीकि सदन के टीम के बीच खेला गया। बुद्धा सदन की टीम ने टॉस जीतकर क्षेत्ररक्षण का फैसला लिया। वाल्मीकि सदन की टीम ने निर्धारित 10 ओवर में कुल 84 रन बनाएं। वहीं जवाबी पारी खेलने उतरी बुद्धा सदन की टीम ने 8 ओवर में ही 85 रन बनाकर मैच को पांच विकेट से जीत लिया। बेहतर प्रदर्शन के लिए बुद्धा सदन के अविनाश कुमार को मैन ऑफ द मैच चुना गया। टूर्नामेंट का दूसरा मैच टैगोर बनाम नेताजी सदन के बीच खेला गया। जिसमें नेताजी सदन की टीम ने टॉस को जीतकर क्षेत्ररक्षण का फैसला लिया। पहले बल्लेबाजी करते हुए टैगोर सदन की टीम ने 122 रनों का लक्ष्य दिया। वहीं नेताजी सदन की टीम 10 ओवर में मात्र 44 रन पर ही ऑल आउट हो गई। इस तरह टैगोर सदन की टीम ने 78 रनों से मैच जीत लिया। टैगोर सदन के फरहान को मैच के मैन ऑफ द मैच चुना गया। टूर्नामेंट को सफल बनाने में शिक्षक कंचन सोनी, प्राचार्या अंजू पटेल, धर्मेश सोनी, अनुराग मद्धेशिया, गौरव साहू, विश्वक सेन, सूरजदेव सिंह, कृष्ण अम्बष्टा, सुनील कुमार साहू, रुचि सिंह व गीता प्रसाद आदि जुटे थे।

## स्पीड न्यूज

### पावन क्रूस स्कूल में मंत्रीमंडल गठित



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** पावन क्रूस विद्यालय में शनिवार को मंत्रीमंडल गठित हुआ। कैप्टन के रूप में आयशा प्रवीण तथा सूरज कुमार, वहीं वाइस कैप्टन में सिया तिग्गा तथा रणबीर सिंह का हुआ चयन। प्रधानाध्यपक सिस्टर सुमंती ने कहा कि एक टीम को सक्षम और शसक्त बनाने के लिए एक कुशल नेता की जरूरत पड़ती है जो अपने लक्ष्य की प्राप्ति के लिए हर वक्त खड़ा रहे। कार्यक्रम में विद्यालय की सचिव सिस्टर अग्नेस बेक, रजनी डुंगडुंग, मो. कमरुद्दीन, सुधीर प्रसाद, रेणु पॉल, निर्मला, कंचन, आशा, संगीता, रजनी डुंगडुंग, रजनी सिन्हा, मनीष, पूजा, सिस्टर संगीता, आनंद, सोसन, सेलिन, बासिल, अलमा, अमन, क्रिस्टीना, गायत्री आदि मौजूद थे।

### भुरकुंडा में डॉ. मुखर्जी की जयंती मनी



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** जनसंघ के संस्थापक सह पूर्व मंत्री स्व. डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी के जन्म दिवस पर शनिवार को राष्ट्रीय कार्यक्रम के निमित्त प्रत्येक बुथ पर उनकी जयंती धूमधाम से मनाई गई। इस दौरान भुरकुंडा मंडल अध्यक्ष सतीश मोहन मिश्रा के कार्यालय जवाहर नगर बूथ संख्या 369 में भाजपाईयों के साथ डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर माल्यार्पण कर जयंती मनाई( मिश्रा ने कहा कि मंडल के सभी कार्यकर्ता अपनी मां के नाम से एक-एक पौधा लगाकर इसकी सुरक्षा का संकल्प लें, यही डॉ. मुखर्जी के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। कार्यक्रम को सफल बनाने में युगल नायक, योगेश दांगी, सत्येंद्र नारायण सिंह, अनुपम पाठक, रोशन गुप्ता, अभिषेक मिश्रा, विकास मोहन मिश्रा, राजेश सिंह, रमेश राम, छोटू राणा, सागर श्रीवास्तव सहित कई भाजपाई मौजूद थे।

### लायंस क्लब ने किया पौधरोपण



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** पर्यावरण की हरियाली को लेकर लायंस ऑफ भुरकुंडा की अध्यक्ष रेखा वर्णवाल, सचिव अंजू देवी और कोषाध्यक्ष शिवा प्रसाद ने शनिवार को पेट्रोल टंकी के समीप पौधरोपण किया। क्लब के अन्य लोगों ने भी आम, अमरूद, कटहल, आंवला सहित दर्जनों फलदार व छायादार पौधे लगाकर संरक्षण का संकल्प लिया। साथ रेखा वर्णवाल ने कहा कि पर्यावरण सुरक्षित रहेगा तभी मानव जीवन भी सुरक्षित रह सकेगा। उन्होंने कहा कि एक पेड़ सौ पुत्र के समान होता है, इसलिए सबों को अपने जीवन में कम से कम एक पौधा जरूर लगाएं। सचिच अंजू देवी और कोषाध्यक्ष शिवा प्रसाद ने कहा कि पेड़-पौधे धरती के गहना होते हैं। पौधा लगाना ही काफी नहीं इसकी सुरक्षा भी जरूरी है। मौके पर चेयरपर्सन एमजेएफ लायन राजेंद्र महतो, डिस्ट्रिक्ट चेयरपर्सन लायन अशोक सिंह, डिस्ट्रिक्ट चेयरपर्सन लायन अखिलेश शर्मा, एमजेएफ लायन सोनाराम मांझी, एमजेएफ लायन संजय कुमार, लायन निर्मल अग्रवाल, मंजुल, विजय वर्णवाल, विजयंत कुमार, प्रमोद शर्मा, माला शर्मा, विमल राय सहित क्लब के अन्य लोगों का विशेष योगदान रहा।

### मजदूर यूनियन की हुयी बैठक



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** पटेलनगर भुरकुंडा स्थित यूनियन कार्यालय में शनिवार को कोल फिल्ड मजदूर यूनियन की बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता क्षेत्रीय कार्यकारी अध्यक्ष रामाकांत दुबे ने किया। बैठक में कहा गया कि 8 जुलाई को सयाल अंबेडकर भवन में आयोजित यूनियन के केन्द्रीय समिति की बैठक के लिए व्यापक तैयारी की जा रही है। दुसरे क्षेत्र से आने वाले साथियों को कोई असुविधा न हो इसका पूरा ख्याल रखा जाएगा। बैठक में मुख्य रूप से बरका-सयाल शाखा सचिव अशोक गुप्ता, केंद्रीय कार्यकारिणी सदस्य सह भुरकुंडा परियोजना सचिव पप्पू सिंह, उरीमारी शाखा सचिव विनोद साव, बिरसा शाखा सचिव सुधीर कुमार सिंह, सयाल शाखा सचिव सुजीत पटेल, सुनील महतो, संजय सिंह, बुद्धेश्वर करमाली आदि मौजूद थे।

### रजरप्पा में रथ यात्रा सह मेला आज



**रजरप्पा।** बड़कीपोना स्थित पोना पर्वत धाम में रथ द्वितीय के मौके पर रविवार को रथ यात्रा सह मेला लगेगा। इसकी तैयारी पूरी हो चुकी है। मेला समिति बड़कीपोना बघलता के संरक्षक उमेश कुमार, अध्यक्ष नेमचन्द राम दाँगी,सचिव ईश्वर कुमार, कोषाध्यक्ष होनी कुमार, उपाध्यक्ष राधेश्वर महतो, सह सचिव सचिन कुमार, उप कोषाध्यक्ष मनोज कुमार सहित सदस्य सोनू कुमार, अरुण कुमार, सूरज कुमार आदि जुटे हुए हैं।

### परवरिश एजुकेयर में मना वन महोत्सव



कुजू। परवरिश एजुकेयर स्कूल में वार्षिक वन महोत्सव धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान विद्यालय निदेशक शैलेंद्र कुमार और प्रबंध निदेशक विकास कुमार सिंह ने बताया कि पर्यावरण संरक्षण के लिए वृक्षारोपण अहम पहल है। क्योंकि जीवनदायनी ऑक्सीजन का एकमात्र स्त्रोत वृक्ष ही हैं। मानव जीवन वृक्षों पर ही निर्भर है। यदि वृक्ष नहीं रहेंगे तो धरती पर जीवन संकट में पड़ जाएगा।

## एक नजर में

### पदमा में 20 सूत्री की बैठक संपन



**पदमा।** प्रखंड सभागार में प्रखंड 20 सूत्री कार्यन्वयन समिति की बैठक में बरही के विधायक उमा शंकर अकेला यादव शामिल हुए। अधिकारियों और कर्मचारियों के साथ 20 सूत्री कार्यक्रम क्रियान्वयन समिति के अंतर्गत आने वाले योजनाओं पर विस्तृत रूप से चर्चाएं हुई। जिसमे स्वास्थ्य शिक्षा पेयजल पर मुख्य रूप से चर्चाएं हुई साथ ही साथ पदाधिकारी को निर्देश दिया गया कि जो भी समस्याएं हैं उनको तुरंत निपटाने का कम करें एवं राजस्व को लेकर जिसमें कहा गया कि चाहे एलपीसी का मामला हो या मोटेशन का मामला हो या फिर जमीन संबंधित जिस किसी तरह का विवाद हो उसे अभिलंब निपटाया जाए आम जनों को परेशान नहीं किया जाए कहीं न कहीं प्रखंड अंचल के क्रियाकलापों से लोग काफी परेशान हैं। मौके पर बीडीओ मृत्युंजय कुमार, सीओ मोतीलाल हेंब्रम, थाना प्रभारी राणा भानु प्रताप सिंह 20सूत्री अध्यक्ष संजय यादव, उपाध्यक्ष गौतम मेहता व अन्य उपस्थित थे।

### विधायक ने बांटे 500 मुर्गी के चूजे

**पदमा।** प्रखंड कार्यालय में बरही विधायक उमाशंकर अकेलाने लगभग 12 लाभुकों को मुख्यमंत्री पशुधन योजना के तहत पांच पांच सौ बॉयलर मुर्गी के चूजे वितरण किए। 15 बोरा मुर्गी के दाना , एवं मुर्गियों के पानी पीने के बर्तन सहित अन्य सामान दिए गए। विधायक ने कहा कि झारखंड सरकार की एक महत्वपूर्ण योजना है जिससे जुड़कर लोग अपनी आय बढ़ा सकते हैं। इस अवसर पर पदमा प्रमुख बीना देवी, पदमा बीस सूत्री अध्यक्ष अध्यक्ष संजय यादव, विधायक प्रतिनिधि सह पदमा पंचायत मुखिया अनिल मेहता, कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष गौतम कुमार मेहता, मोहम्मद नईम अंसारी, नजीर मियां, ललन कुमार यादव, छोटन मेहता, परमेश्वर मेहता, दीपक शर्मा, अशोक राणा, मुकेश यादव सहित एवं लाभुक उपस्थित थे।

### कटकमसांडी में मना राजद का स्थापना दिवस

**कटकमसांडी।** जिला कार्यालय में कटकमसांडी में शुक्रवार को राष्ट्रीय जनता दल का 28 वां स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया गया। राजद के जिला अध्यक्ष चरका यादव उर्फ हिरामन यादव ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया । चरका यादव ने कहा कि लालू प्रसाद यादव ने गरीबों, पिछड़ों दलितों अल्पसंख्यकों ओर वंचित के कल्याण के लिए और न्याय दिलाने के उद्देश्य से राजद का गठन किया था। उन्होंने कहा कि लालू प्रसाद यादव ने वंचितों के कल्याण के लिए उनके सम्मान के लिए कड़े संघर्ष और मेहनत के साथ सामाजिक न्याय के लोगों को न्याय दिलाने का काम किया। मौके पर उपा ध्यक्ष आयन रजा खां,छात्र जिला अध्यक्ष नीरज गोप, आरजेडी नेता शेरू , एवं सैकड़ो में आरजेडी समर्थक मौजूद थे।

### रेनबो स्कूल में चित्रकला प्रतियोगिता



**बरही।** शिवपुर गडलाही में संचालित रेनबो स्कूल बरही में वन महोत्सव सप्ताह अंतर्गत सीबीएसई खंड में वर्ग तृतीय से पंचम एवं छठी से आठवीं और जैक खंड में वर्ग छठी से आठवीं तक के छात्र एवं छात्राओं के बीच चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित किया गया। जिसका शीर्षक वृक्ष हमारे भविष्य हैं पर छात्र छात्राओं ने चित्र बनाया। जिसमें सीबीएसई खंड के वर्ग तीसरी से पंचमी तक के बच्चों में प्रथम स्थान रेहान कुमार वर्ग तृतीय, दूसरा स्थान तौसीफ वर्ग चतुर्थ एवं तृतीय स्थान रिशिता कुमारी वर्ग तृतीय को प्राप्त हुआ। वर्ग छठी से आठवीं की प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्रत्यूष कुमार वर्ग छठी द्वितीय स्थान नूजत परवीन वर्ग सप्तम और तृतीय स्थान राजा प्रजापति वर्ग अष्टम को प्राप्त हुआ। मौके पर गौरी शंकर, प्रवीण यादव, विद्यापति, सतीश कुमार, रिंकी, रिफत, फैजिया खातून, स्वाति, शिवानी, मानसी, अंशु, कुमारी स्वेता, उषा यादव, सुधा यादव, प्रीति सहित शिक्षक- शिक्षिका शामिल थे।

### मेरा शरीर व मेरा हक कार्यक्रम आयोजित

चरही। लाल बंगला स्थित विवाह भवन में शनिवार को झारखंड महिला उत्थान के तत्वावधान में मेरा शरीर,मेरा हक और उनके कानूनी अधिकारों के लेकर प्रखंड स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुखिया संघ के जिला उपाध्यक्ष सह बहेरा पंचायत मुखिया देवकी महतोदीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम को शुभारंभ किया उन्होंने कहा कि झारखंड महिला उत्थान के द्वारा इस तरह के कार्यक्रम को छोटे-छोटे जगहों पर आयोजन करके महिलाओं को जागरूक करने का प्रयास किया जा रहा है। मौके पर चिंता तिग्गा,चरही मुखिया संझली मुर्मू,पूर्व प्रमुख अनुक्षी देवी, उप मालती कुमारी,मैनो किस्कू,समीना खातून,सहिया ज्योति कुमारी, राजकुमारी,वार्ड सदस्य मंजू देवी, ममता देवी,संगीता देवी,गीत देवी, मीना देवी,ज्योति कुमारी,गंगा देवी, सुनीता देवी,गायत्री देवी सहित कई लोग मौजूद थे।

### झामुमो की प्रखंड स्तरीय बैठक संपन्न

बड़कागांव। झामुमो प्रखंड स्तरीय बैठक पश्चिमी पंचायत भवन में की गई जिसकी अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष सह झारखंड श्रमिक संघ जिला सचिव संजय कुमार सिंह एवं संचालन प्रखंड सचिव सरोज मेहता ने किया । संजय सिंह ने कहा कि बड़कागांव प्रखंड में जितने भी बूथ हैं सभी बहुत जल्द कमेटी को बनाना है और 23 पंचायत में बूथ स्तरीय पंचायत सम्मेलन भी करना है सरकार द्वारा जितने भी कल्याणकारी योजना चलाई जा रहे हैं । उस योजना का आदिवासी मूल निवासी गरीब जनता सीधे तौर पर लाभ ले रहे हैं। मौके पर संजय भुईयां,विशेश्वर राम, शंकर साव,हरिलाल मांझी,फलेंद्रर गंझु ,चिंतामनी गंझु,राजेश हसदा,सुरेश यादव,रामसागर महतो,प्रभू भुईयां,बाबूलाल सोरेन, भुनेश्वर महतो,नरेश साव,असीर अहमद सहित दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### बड़कागांव : अल्ट्रासाउंड केंद्र में हुयी छापेमारी

**बड़कागांव।** थाना रोड स्थित पुराने बंद पड़े पेट्रोल पंप के पास संचालित अल्ट्रासाउंड में लिंग जांच मामले को लेकर दंडाधिकारी दारू प्रखंड के अंचल अधिकारी नवीन भूषण कुल्लू के नेतृत्व में हजारीबाग पीसी एंड पी एन्ड डीटी टीम के द्वारा छापेमारी की गई। छापेमारी में अल्ट्रासाउंड ,प्रिंटर ,लैपटॉप इलेक्ट्रॉनिक सामान जब्त किए गए हैं। टीम के द्वारा सभी सामान को सील पैक कर अग्रतर कार्रवाई के लिए हजारीबाग ले जाया गया है। मौके पर दंडाधिकारी नवीन भूषण कुल्लू ने कहा कि लिंग जांच करने और कराने वाले दोनों पूर्ण रूप से दोषी माने जाते हैं, लिंग जांच गैरकानूनी है। गुप्त सूचना का आधार पर पूरे जिले में लिंग जांच को लेकर अल्ट्रासाउंड जांच घरों में छापेमारी जारी है । छापेमारी में मुख्य रूप से मुख्य रूप से डॉ राहुल कुमार,डॉ अंजू , एस आई सावित्री कच्छप, नवीन कुमार के अलावा कई लोग उपस्थित थे।

### विचार गोष्ठी में शामिल हुये आदित्य साहू



रामगढ़। भाजपा जिला कार्यालय में शनिवार को डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती पर विचार गोष्ठी हुआ। गोष्ठी में राज्यसभा सांसद सह भाजपा के वरिष्ठ प्रदेश महामंत्री आदित्य साहू शामिल हुए। आदित्य साहू ने कहा कि तत्कालीन प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू द्वारा आजादी के बाद पाकिस्तानी के साथ हुए विवादित नागरिकता कानून जो मुस्लिम तुष्टिकरण के लिए उठाया गया बहुसंख्यक हिंदुओं के विरोध में वह कदम था । जिसका एकमात्र लाभ मुस्लिमों को मिलना था और इस द्विपक्षीय समझौते को लियाकत समझौता या दिल्ली समझौते के नाम से जाना गया। उन्होंने कहा कि लियाकत-नेहरू समझौता भारत और पाक के बीच एक द्विपक्षीय संधि थी। जिसमें शरणार्थियों को अपनी संपत्ति का निपटाने के लिए लौटने की अनुमति दी गई।

## स्पीड न्यूज

### वैज्ञानिक तरीके से खेती कर फसल बढ़ाये व आय दोगुनी करें : बीडीओ



घाघरा। घाघरा प्रखंड कार्यालय परिसर के सभागार में रागी मिशन अंतर्गत आत्मा गुमला व कृषि विज्ञान केंद्र गुमला के संयुक्त तत्वाधान में एक दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन शनिवार को किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में पर उपस्थित बीडीओ दिनेश कुमार ने कहा कि रागी फसल के महत्व को आप सभी लोग समझते हैं। रागी की मांग देश ही नहीं विदेशों में भी हो रही है और इसकी खपत बढ़ रही है। आप सभी किसान अधिक से अधिक खेती कर लाभ उठाएं। मौके पर प्रखंड कृषि पदाधिकारी शंकर खेरवार, बिटीएम नीरज कुमार, एटीएम पूनम बेदिया सहित कई मुखिया और कृषक उपस्थित थे।

### चैनपुर के टिनटांगर में आज निकलेगी भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा

चैनपुर। भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा टिनटांगर गांव में 7 जुलाई को निकाली जाएगी। रथ यात्रा की तैयारी अंतिम चरण में है। रथ पूजा संचालन समिति के पदाधिकारी व सदस्य युद्ध स्तर पर रात दिन लगे हुए है। टिनटांगर स्थित जगरनाथ मंदिर का रंग रोगन हो चुका है। रथ पूजा संचालन समिति के संयोजक जयबिलश नायक ने बताया कि रथ यात्रा की तैयारी अंतिम चरण चल रहा है। भगवान जगन्नाथ प्रभु के मंदिर का रंग रोगन हो गया है। रथ की मरम्मति कराई जा रही है। 7 जुलाई को भगवान जगन्नाथ, भाई बलभद्र, बहन सुभद्रा के अष्टधातु की मूर्ति का दूध, दही, घी, गंगाजल से अभिषेक कर श्रृंगार किया जायेगा। षोडशोपचार पूजन, हवन पूजन के बाद पारंपरिक चावल, दाल, सब्जी, साग, घी, दही पापड़ आदि का भोग प्रभु को लगेगा। इसके बाद महाभोग का वितरण किया जायेगा। शाम करीब 4 बजे पारंपरिक ढोल नगाढ़ा के साथ प्रभू भाई बलभद्र और बहन सुभद्रा के साथ रथ में सवार होकर नगर भ्रमण के लिए निकलेंगे। इसके बाद तीन दिनों तक प्रभु मौसीबाड़ी में में विश्राम करेंगे। मदन सिंह, अशोक नायक, शंभू बैगा ने कहा कि भगवान श्रीजगन्नाथजी भगवान श्रीकृष्ण के ही अभिन्न स्वरूप हैं तथा उनकी यह यात्रालीला अद्भुत है।

### संत पीटर उच्च विद्यालय के विद्यार्थियों ने चलाया जागरूकता अभियान



चैनपुर। चैनपुर प्रखंड के टोंगो स्थित संत पीटर उच्च विद्यालय के एन सी सी कैडेट एवं छात्रों ने विश्व पर्यावरण दिवस पर पर्यावरण संरक्षण को लेकर जागरूकता रैली निकालकर लोगों को पर्यावरण संरक्षित रखने एवं अपने गांव घरों में एक एक पौधा लगाने का संदेश दिया। विधालय के प्राचार्य तेज कुमार बाखला ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण करना हम सभो की जिम्मेदारी है। इसलिए हम सब का कर्तव्य है कि हम अपने घरों के आसपास या सार्वजनिक जगहों पर पौधारोपण जरुर करे। अभियान के तहत स्कूली विद्यार्थियों के द्वारा गुणा टोली में पौधा वितरण किया गया। मौके पर सेब्रेन बेक, बरनाबस टोप्पो, शशी शारदा टोप्पो सहित विद्यार्थी उपस्थित थे।

### अंडर 19 प्रथम जूनियर हॉकी टूर्नामेंट का शुभारंभ, पहले दिन खेले गये 6 मैच



गुमला। संत इग्नासियुस स्टोट्रफ हॉकी मैदान में अंडर 19 प्रथम जूनियर दो दिवसीय बालक–बालिका हॉकी टूर्नामेंट का शुभारंभ शनिवार को हुआ। पहले दिन बालक वर्ग में कुल चार मैच व बालिका वर्ग में दो मैच खेले गये। बालक वर्ग में पहला मैच बारडीह बनाम कुरा के बीच खेला गया। जिसमें बारडीह की टीम 1–0 से विजय रही। दूसरा मैच मांझाटोली बनाम मुरयटोली के बीच खेला गया। जिसमें मझाटोली की टीम 2–0से विजय हासिल होकर अगले चक्र में प्रवेश किया। तीसरा मैच करौंदा बेड़ा बनाम कोनबीर के बीच खेला गया। जिसमें कोनबीर की टीम 1–0 से जीती। चौथा मैच कामडारा बनाम लुथरन स्कूल के बीच खेला गया। बालिका वर्ग में पहला मैच मांझाटोली बनाम लुथरन स्कूल के बीच खेला गया। ट्राईब्रेकर में मांझाटोली की टीम 2–0 से बिजय हासिल कर अगले चक्र में प्रवेश किया। वहीं दूसरा मैच कोनबीर बनाम कामडारा के बीच खेला गया। जिसमें कोनबीर की टीम 1–0 से जीत दर्ज किया। टूर्नामेंट का उद्घाटन जिला हॉकी संघ के अध्यक्ष संजय कुमार सिंह, सचिव नोर्बट कुजूर, कोषाध्यक्ष कैप्टन लोहरा उरांव ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया। मौके पर शंभू सिंह, अनीता होरो, कुसुम तिर्की, निरंतर बाखला, दीपक बारला, श्वेतशील खाखा, समीता टेटे, आलोक व खेल प्रेमी मौजूद थे।

### मोहर्रम कमेटी रायडीह के अशरफ राय अध्यक्ष व खुर्शीद आलम बने सचिव




रायडीह। अंजुमन इस्लामिया कमिटी नवागढ़ पतराटोली रायडीह की विशेष बैठक मस्जिद परिसर में हुई। जिसमें आने वाला त्योहार मोहर्रम पर विशेष चर्चा की गयी। बैठक में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी मोहर्रम का त्योहार रायडीह में बड़ी धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया गया। वहीं बैठक में पुरानी अंजुमन इस्लामिया मोहर्रम कमिटी को भंग करते हुए नयी कमिटी का गठन किया गया। जिसमें सर्वसम्मति से सदर के रुप में असरफ राय उर्फ लालो, सेक्रेटरी खुर्शीद आलम उर्फ बिट्टू व खजांची के रूप में आकीब खान को चुना गया। खुर्शीद आलम ने बताया की रायडीह में मोहर्रम काफी लंबे समय से मनाते आ रहे हैं और इस वर्ष भी बड़ी धूमधाम से मनाया जाएगा। रायडीह में मोहर्रम पर्व हिन्दू मुस्लिम एकता का प्रतीक है। बैठक में अंजुमन सदर जहिरुद्दीन हबीबी, तसलीम खान, मौलाना इसराफील रजा, कुर्बान राय, इस्लाम खान, अरसद मलिक, समीम राय, अमान राय, सानो हक, जमिल खान, रमजान खान, इम्तियाज राय, अफरीदी राय, महबुब आलम, अफजल आलम, एजाज राय, अफरोज राय, आफताब, आजम, तैयब, शान राय, आफताब, अब्दुल हक आदि मौजूद थे।

# नक्सलियों के द्वारा प्लांट किया गया 35 केन बम बरामद

## गुमला पुलिस के द्वारा छापामारी अभियान के दौरान तार मिलने पर मामले की हुई जांच, जांच के बाद मिला सिरियल केन बम

### रांची से आये बम निरोधक दस्ता ने एक–एक कर सभी बमों को किया डिफयूज, बम के धमाके से दहल उठा हरिनाखाड गांव





छापामारी अभियान में निकली पुलिस। पुलिस के द्वारा बरामद केन बम। विस्फोट कर किया गया केन बम को नष्ट।

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गुमला।** गुमला पुलिस को बड़ी नुकसान पहुंचाने के उद्देश्य से भाकपा माओवादी नक्सली संगठन के द्वारा पूर्व में लगाये गये सिरियल केन बम को बरामद कर पुलिस ने शनिवार को नष्ट कर दिया। बम मिलने के बाद बम निरोधक दस्ता के सदस्यों को बुलाकर सभी बमों को नष्ट कर किया गया। लगभग 35 बम गुमला थाना क्षेत्र के हरिनाखाड़ गांव के कच्चे रास्ते में नक्सली संगठन के द्वारा लगाया गया था। जिसे एक-एक कर नष्ट किया गया। इनमें से आधे से अधिक बम बेहद शक्तिशाली थे। इधर बम विस्फोट की आवाज से क्षेत्र दहल उठा। शुक्रवार को पुलिस टीम के जवान इलाके में छापामारी अभियान में निकले थे। तभी आंजनधाम से होकर हरिनाखाड़ गांव जाने वाली सड़क पर कुछ तार दिखा। इसके बाद पुलिस जवानों ने तार की जांच की तो सड़क में सीरियल केन बम होने की अशंका हुई। जिसकी सूचना छापामारी टीम ने वरीय पुलिस अधिकारी को दी। इसके बाद गुमला थाना प्रभारी सुरेंद्र कुमार सिंह पुलिस बल के साथ आंजन गांव पहुंचे। सीरियल बम बिछे रास्ते में लोगों के आवागमन पर रोक लगा दी। इधर बम निरोधक दस्ता को रांची से बुलाया गया। बम निरोधक दस्ता ने सड़क की जांच की तो उसमें कई केन बम मिले। जिसके बाद शुक्रवार की शाम को ही 5 बम को बम निरोधक दस्ता ने जंगल में ही निष्क्रिय कर दिया। वहीं बम निरोधक दस्ता ने सड़क की बारीकी से जांच की तो वहां 35 से अधिक केन बम सीरियल रूप में बिछा हुआ मिला। लेकिन रात होने के कारण बम निरोधक दस्ता ने दूसरे दिन बम निकालने की बात कही। शनिवार को सभी बमों को निकालकर उसे नष्ट कर दिया गया। बमों को एसडीपीओ सुरेश प्रसाद यादव के नेतृत्व में निष्क्रिये किया गया। एसडीपीओ ने बताया कि पुलिस टीम छापामारी अभियान चला रही थी इसी दौरान उन्हें तार मिला था। जिसके बाद मामले की जांच की गयी तो भारी मात्रा में केन बम बरामद किया गया।

### केन बम विस्फोट में कोबरा बटालियन का आईडी बम स्पेशलिष्ट डॉग मरा था, डॉग हैंडलर हुआ था घायल

>> इस घटना के बाद मुठभेड़ में पुलिस ने भाकपा माओवादी का रिजनल कमांडर बुद्धेश्वर उरांव को मार गिराया था
>> नक्सलियों के बिछाये केन बम में कई ग्रामीण व पशुओं की हो चुकी है मौत

भाकपा माओवादी संगठन के टॉप कमांडरों को जिले में पुलिस के द्वारा मुठभेड़ में मार गिराये जाने के बाद संगठन के द्वारा पुलिस से बचने और उसे नुकसान पहुंचाने के उद्देश्य से केरागानी, मड़वा, हरिनाखाड़ सहित कई गांवों की कच्ची सड़क में भारी मात्रा में बम प्लांट कर दिया था। नक्सलियों के द्वारा बिछाये गये केन बम में क्षेत्र के दो ग्रामीणों की जान भी चल गयी थी और कई पशुओं की मौत हुई थी। तीन वर्ष पूर्व केरागानी में भाकपा माओवादी के रिजनल कमांडर बुद्धेश्वर उरांव की तलाश में कोबरा बटालियन छापामारी अभियान चला रही थी। इसी दौरान जमीन में माओवादियों के द्वारा लगाये गये केन बम का शिकार कोबरा बटालियन का आईडी बम स्पेशलिष्ट डॉग हो गया। जिसे उसकी मौत हो गयी थी। वहीं डॉग हैंडलर घायल हो गया था। इस दौरान पुलिस जवानों के छापामारी अभियान में दो बार केन बम विपस्फोट हुआ था। जिसके तीसरे दिन कोबरा बटालियन व पुलिस टीम के संयुक्त छापामारी अभियान में 15 लाख के इनामी भाकपा माओवादी का रिजनल कमांडर बुद्धेश्वर उरांव को पुलिस ने मुठभेड़ में ढेर कर दिया था।

## करोड़ों की लागत से बन रहे सड़क पर अनियमितता का आरोप



### घटिया निर्माण का विरोध करने पर ग्रामीणों को दौड़ा-दौड़ा कर पीटा



पाइप तोड़ने और घटिया निर्माण का विरोध करने पर ठेकेदार के सुपरवाइजर ने बेलचा से ग्रामीणों को दौड़ा–दौड़ा कर पीटा। बेलागड़ा गांव के कई ग्रामीण अपने घर का पाइपलाइन को तोड़ने का विरोध किया। वही घटिया निर्माण का भी विरोध किया। जिसके बाद ठेकेदार के साइड इंचार्ज आपा खोते हुए निर्माण कार्य में उपयोग किए जाने वाला बेलचा से ही ग्रामीणों को पर हमला कर दिया। साइड इंचार्ज और मजदूरों के द्वारा ग्रामीणों को दौड़ा–दौड़ा कर पीटा गया। ठेकेदार के साइड इंचार्ज के दबंगई से ग्रामीण भी अब डरे हुए हैं।

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**घाघरा।** घाघरा प्रखंड क्षेत्र के टोटाम्बी केनटोली से बेलागाड़ा तक चल रहे सड़क निर्माण में भारी अनियमिता बरतने का आरोप ग्रामीणों ने लगाया है। ग्रामीणों ने घटिया निर्माण का विरोध भी योजना स्थल में जाकर किया। लेकिन ठेकेदार के कर्मी ग्रामीणों के एक न सुनते हुए अपने मनमानी तरीके से कार्य करते रहे। इसके बाद ग्रामीणों के द्वारा स्थानीय पत्रकारों को फोन कर बुलाया गया। योजना स्थल पर मिट्टी युक्त कीचड़ में ही कालीकरण करने का कार्य किया जा रहा था। इसी कार्य का विरोध ग्रामीणों के द्वारा किया जा रहा था। ग्रामीणों का कहना था कि बेहतर तरीके से रोलिंग कंपैक्ट नहीं किया गया और कीचड़ में ही कालीकरण किया जा रहा है जो की बहुत ही घटिया निर्माण हो रहा है। ग्रामीणों का आरोप है कि जिस तरह से सड़क निर्माण में अनियमित बढ़ता जा रहा है एक वर्ष के अंदर ही सड़क पूरी तरह से जर्जर हो जाएगी। ग्रामीणों का यह भी आरोप है ठेकेदार के द्वारा निर्माण कार्य के दौरान हर घर जल नल के तहत लगे पाइपलाइन को भी काट दिया जा रहा है और उसे मरम्मत भी नहीं कराया जा रहा है। जिसके कारण ग्रामीणों के घरों में मिलने वाला पानी भी पूरी तरह से बंद हो गया है। ग्रामीणों ने पूरे मामले की गंभीरता से जांच करते हुए कार्रवाई का मांग जिले के उपायुक्त से किया है।

#### साइट में नहीं रहते हैं विभागीय अभियंता

योजना स्थल पर विभाग का कोई भी अधिकारी या फिर इंजीनियर मौजूद नहीं था। ग्रामीणों का आरोप है कि इंजीनियर की अनुपस्थिति में ठेकेदार के वर्कर जो हैं भारी अनियमित योजना में बरते हैं, ग्रामीणों का आरोप है कि विभागीय अधिकारी व इंजीनियर का नहीं होना भ्रष्टाचार का परिचायक है।

## लोहरदगा जिले में संपूर्णता अभियान प्रारंभ




**खबर मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा।** केंद्र सरकार के महत्वकांक्षी कार्यक्रम अंतर्गत शनिवार को जिला स्तर पर संपूर्णता अभियान की शुरूआत नगर भवन, लोहरदगा में हुई।

इस अभियान का शुभारंभ नीति आयोग की वरीय विशेषज्ञ डॉ बानुश्री वेल्पंडियन, उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण, जिला परिषद अध्यक्ष रीना कुमारी व अन्य अतिथियों द्वारा दीप प्रज्ज्वलन कर की गई। इस मौके

#### नीति आयोग की वरीय विशेषज्ञ डॉ बानुश्री वेल्पांडियन ने किया शुभारंभ उपायुक्त समेत पदाधिकारीगण व जनप्रतिनिधि हुए शामिल

पर नीति आयोग की वरीय विशेषज्ञ ने कहा कि हमें आकांक्षी जिला होने के कारण कुछ निर्धारित इंडिकेटर्स में संपूर्णता अभियान में उपलब्धि हासिल करनी है। प्रशासन और प्रजा को साथ-साथ इस कार्य को करना है। सामाजिक और आर्थिक रूप से सक्षम बनाना है। संगठित रूप से हम सभी को आगे बढ़ना है।

#### सभी क्षेत्र में संपूर्णता हासिल करना ही लक्ष्य : डॉ वाघमारे

उपायुक्त डॉ वाघमारे ने कहा कि केंद्र सरकार की यह योजना स्वास्थ्य, स्वयं सहायता, शिक्षा, कृषि, स्वयं सहायता समूह के क्षेत्र की बेहतरी के लिए शुरूआत की गई है। स्वास्थ्य विभाग अंतर्गत गर्भवती महिलाओं के दौरान प्रथम तीन माह बहुत ही महत्वपूर्ण होते हैं। ऐसे में उनकी प्रसव पूर्व जांच बहुत ही जरूरी है। इस बच्चों का स्वास्थ्य निर्भर करता है।

### नेत्रदान अनुष्ठान हुआ संपन्न आज रथ में विराजेंगे भगवान



लोहरदगा। शहर के श्रीश्री 108 जगन्नाथ महाप्रभु ठाकुरबाड़ी मंदिर मे भगवान जगन्नाथ का नेत्रदान अनुष्ठान संपन्न हुआ। भगवान जगन्नाथ स्वामी को स्नान कराकर 56 भोग लगाया गया। मौके पर श्रीराम जानकी तपोवन मंदिर रांची के महंत ओम प्रकाश शरण ने बताया कि मंदिर में पूजा सुबह सात बजे से ही शुरू होगी लेकिन अपराह्न 4 बजे भगवान जगन्नाथ, भाई बलभद्र व बहन शुभद्रा रथ पर सवार होकर ठाकुरबाड़ी मंदिर प्रागंण से निकलकर नगर भ्रमण करते हुए महावीर चौक स्थित मौसीबाड़ी पहुंचेगी। धार्मिक अनुष्ठानों को संपन्न कराने में पुरोहितों और सहयोगियों में ठाकुरबाड़ी मंदिर के महंत राम नरेश शरण, श्रीराम जानकी तपोवन मंदिर रांची के महंत ओमप्रकाश शरण, रमेश देव पौराणिक, मोहन दास, अयोध्या दास, मनोज दास, विष्णु देव अन्य शामिल थे।

## एकांतवास से बाहर आये महाप्रभु, हुआ नेत्रदान अनुष्ठान

**खबर मंत्र संवाददाता**



**भंडरा।** भगवान जगन्नाथ प्रभु 15 दिनों के एकांतवास के बाद शनिवार को भाई बलभद्र और बहन सुभद्रा के साथ बाहर आये। उनके आगमन की खुशी में शुक्रवार को नेत्रदान अनुष्ठान किया गया। इसके बाद भगवान भक्तों को दर्शन दिए 108 दीपों से भगवान की मंगलआरती, जगन्नाथ अष्टकम, गीता के द्वादश अध्याय का पाठ और भगवान की स्तुति की गई। मालपुआ सहित अन्य मिष्ठानों का भोग लगाया गया। भगवान रविवार की सुबह भक्तों को दर्शन मंडप में दर्शन देंगे। सात जुलाई को रथ यात्रा है। दोपहर एक बजे के बाद भगवान को बारी-बारी से रथारुढ़ किया जायेगा। रथ के ऊपर भगवान के सभी विग्रहों का श्रृंगार होगा, विष्णु सहस्त्रनाम अर्चना होगी। इस अनुष्ठान के बाद विष्णु सहस्त्रनाम अर्चना और मंगल आरती होगी। दोपहर दो बजे रथयात्रा शुरू होगी। भगवान मौसीबाड़ी आयेंगे, जहां भक्त रथ पर भगवान की पूजा करेंगी। तत्पश्चात सभी विग्रहों को मौसीबाड़ी में रखा जायेगा। अगले दिन सुबह पांच बजे पट खुलेगा और प्रभु भगवान की पूजा होगी। सुबह छह बजे मंगलआरती व बाल भोग लगाया जायेगा। दोपहर 12 बजे अन्न भोग लगाया जायेगा। वहीं दोपहर 12:10 बजे पट बंद हो जायेगा। तीन बजे मंदिर का पट पुनः खुलेगा, जो रात आठ बजे तक खुला रहेगा। इसके बाद रात आठ बजे पट बंद हो जायेगा। यह क्रम 16 जुलाई तक चलेगा। 17 जुलाई को घुरती रथ यात्रा है।

### जिप सदस्य व मुखिया ने किसानों को बाटे बीज



भंडरा। कृषि प्रौद्योगिकी प्रबंधन अभिकरण (आत्मा) के द्वारा बिरसा फसल विस्तार योजना तहत प्रखंड के 70 किसानों के बीच 10 किलो मूंगफली बीज व नेनो यूरिया का वितरण जिप सदस्य राजमनी उरांव, स्थानीय मुखिया परमेश्वर महली व बीटीएम प्रियांशु मिंज द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। बीज वितरण कार्यक्रम के दौरान बीटीएम प्रियांशु मिंज ने लाभुकों को बताया कि बीज वितरण के लिए कृषक मित्रों द्वारा किसान की सूची ग्राम सभा पारित किया जाता है। जिसके बाद ब्लॉक चयन टेक्नोलॉजी सिस्टम के माध्यम से बीज का वितरण किया जाता है। जिसके लिए किसान को आधार संख्या, ओटीपी तथा खाता व प्लांट नम्बर देना पड़ता है। तब जाकर किसानों तक बीज वितरण होता है। मौके पर बीज वितरण कार्यक्रम में कृषि विभाग कि एटीएम सहायक अजय कुमा, उदरंगी, मसमानो, भीठा पंचायत के किसान सहित कृषक मित्र चन्द्रिका सिंह मौजूद थे।

### खेलो इंडिया कार्यक्रम में गिर कर बच्चा घायल रिम्स मे इलाज के दौरान हुई मौत



भंडरा। खेलो इंडिया कार्यक्रम के तहत उत्क्रमित प्लस टू विद्यालय बिटपी कक्षा एक का छात्र प्रेम उराव उम्र 7 वर्ष पिता विजय उरांव शुक्रवार को खेल के क्रम मे गिरकर गंभीर रूप से घायल हो था। जिसका शनिवार को रांची रिम्स मे इलाज के दौरान मौत हो गई। विद्यालय के प्रधानाध्यापक अजय तिर्की ने बताया कि खेलो इंडिया कार्यक्रम विद्यालय के खेल प्रांगण में चल रहा था। इसी क्रम में क का यह छात्र अपने दोस्तों के साथ खेल रहा था अचानक गिर पड़ा और बुरी तरह घायल हो गया। छात्र के पिता दूसरे प्रदेश कमाने गया है। छात्र के शव को बर्फ मे रखा गया है। पिता के आने के बाद अंतिम संस्कार किया जायेगा।

### महिला का शव घर से पुलिस ने किया बरामद

सेन्हा–लोहरदगा। लोहरदगा जिला अंतर्गत सेन्हा थाना क्षेत्र के बुटी पंचायत स्थित चमडू रुगड़ी टोली में एक 45 वर्षीय महिला का शव घर मे होने की सूचना पर परिवार के बीच शोक का लहर जबकि गांव में मातम छाया हुआ है। मृतक महिला की पहचान चमडू रुगड़ी टोली निवासी बुधवा उरांव के 45 वर्षीय पत्नी राजमुनी उरांव के रूप में किया गया। शव मिलने की सूचना पर थाना प्रभारी अजित कुमार के निर्देश पर ए एस आई असरफी बहेलिया चमडू रुगड़ी टोली पहुंच शव को कब्जे में लेते हुए जांच में पुलिस जुट गई। बुधवा उरांव हर दिन नशे के हालत में रहता था। राजमुनी उरांव भी शराब का सेवन करती थी। संदेह जताया जा रहा है कि शराब के नशे में गिरने से मौत होना प्रतीत होता है। थाना प्रभारी अजित कुमार ने बताया कि प्रथमदृष्टया गिरने से मौत होना प्रतीत हो रहा है।

### जिले में लगातार बढ़ रहा है सर्पदंश का मामला

लोहरदगा। जिला में सर्पदंश के मामलों में लगातार बढ़ोतरी हो रही है। फिर एक बार सांप काटने का एक मामला सामने आया है। खेत में काम करने के दौरान एक युवती को सांप ने काट लिया। युवती को लोहरदगा सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जहां पर युवती का उपचार किया जा रहा है। किस्को थाना क्षेत्र के कोचा बरनाग गांव निवासी रोपा उरांव की 21 वर्षीय पुत्री खुशबू कुमारी घर के अन्य सदस्यों के साथ खेत में काम कर रही थी। तभी उसे सांप ने काट लिया।

## प्रवेशिक्षकोत्तर छात्रवृत्ति वितरण योजना को लेकर हुई बैठक

**खबर मंत्र संवाददाता**



**लोहरदगा।** आइटीडीए परियोजना निदेशक सुषमा नीलम सोरेंग की अध्यक्षता में शनिवार को वित्तीय वर्ष 2023-24 में प्रवेशिक्षकोत्तर छात्रवृत्ति वितरण योजना अंतर्गत ई-कल्याण पोर्टल पर छात्र-छात्राओं के ऑनलाईन आवेदन पत्रों को इंस्टीट्यूट नोडल ऑफिसर लेवल से वेरीफिकेशन करने तथा आईएनओ एवं डीएनओ लेवल पर लंबित छात्रों के आवेदन को सुधार करने के संबंध में बैठक आइटीडीए कार्यालय में ही आयोजित हुई। बैठक में जिला के अनुमोदित 27 शिक्षण संस्थानों में अध्ययनरत 289 छात्रों द्वारा के आवेदन को सत्यापित करने और फिर उसके डिस्ट्रिक्ट लेवल ऑफिसर लेवल पर सत्यापित किये जाने का निदेश दिया गया। इसी प्रकार 25 शिक्षण संस्थानों में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं के छात्रवृति योजना अंतर्गत ई-कल्याण पोर्टल पर आवेदित छात्र-छात्राओं के आधार संख्या को उनके बैंक खाता के साथ लिंक किये जाने का निर्देश दिया गया।

## निर्वाचन पदाधिकारी ने घाघरा में किया चुनाव से संबंधित समीक्षा बैठक

**खबर मंत्र संवाददाता**



**घाघरा।** निर्वाचन पदाधिकारी राजीव कुमार ने शनिवार निर्वाचन से संबंधित बैठक बीडीओ घाघरा के कार्यालय में किया। बैठक में उन्होंने पदाधिकारी एवं कर्मियों को निर्वाचन से संबंधित कई दिशा निर्देश दिये। वहीं सभी छूटे हुए पात्र मतदाताओं का नाम पंजीकृत करने, साथ ही एक ही मतदान केंद्र के अंदर यदि किसी एक मतदाता का एक से अधिक प्रविष्टि हो तो उसके नवीनतम प्रविष्टि को छोड़कर अन्य प्रविष्टि को हटाने तथा सभी गांवों के घरों के सभी मतदाता का सत्यापन करने एवं सभी सत्यापित घरों में सत्यापन के स्टीकर चिपकाते हुए तिथि निर्धारित करने का निर्देश दिया। बैठक के बाद निर्वाचन पदाधिकारी राजीव कुमार प्रखंड क्षेत्र के कई गांवों का भ्रमण कर निर्वाचन से संबंधित कार्यों का जायजा लिया। मौके पर बीडीओ सह सहायक निर्वाचन पदाधिकारी दिनेश कुमार, बीपीआरओ शंकर साहू, कनीय अभियंता सतीश बंसल, अशोक कुमार, ज्योति लाल महतो, एवं अन्य कर्मी उपस्थित थे।

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
स्वामित्व वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 95708-48433
पिन: -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

## डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी देश के पहले शिक्षा मंत्री होते तो भारत का इतिहास कुछ अगल होता : सुदर्शन भगत

भाजपाईयों ने मनाया डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी की 123 वीं जयंती

**खबर मंत्र संवाददाता**



**गुमला।** जिला भाजपा के द्वारा शनिवार को डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी की 123 वीं जयंती बिरसा मुंडा एग्रो पार्क में मनायी गयी। वहीं कार्यक्रम के दौरान विधान सभा चुनावी की तैयारियों पर मुख्य रूप से चर्चा की गई। बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष शिव प्रसाद साहू ने की। जबकि मंच संचालन जिला महामंत्री मिसिर कुजूर ने किया। निवर्तमान सांसद सुदर्शन भगत ने कहा कि मात्र 33 साल की कम उम्र में वे कलकत्ता विवि के कुलपति बन गए तथा वे 1934 से 38 तक लगातार दो कार्यकाल पूरे किये। ऐसे महान शिक्षविद देश के पहले शिक्षा मंत्री होते तो आज भारत के इतिहास की एक अलग ही दशा और दिशा होती। कार्यक्रम को पूर्व विधायक कमलेश उरांव, अनुपचन्द्र अधिकारी, भूपन साहू, भाजयुमो जिला अध्यक्ष रबिन्द्र सिन्हा ने भी संबोधित किया। बैठक में प्रदेश मंत्री मुनेश्वर साहू, जिला परिषद अध्यक्ष किरण माला बाड़ा, उपाध्यक्षा संयुक्ता देवी, प्रदीप प्रसाद, गायत्री देवी, यशवंत सिंह, सत्यनारायण पटेल, मिशिर कुजूर, जगनारायण सिंह, गौरी किंडो, संजय कुमार साहू, निर्मल गोयल, सागर उरांव, भिखारी भगत, बिनोद कुमार, दामोदर कसेरा, राधेश्याम कुशवाहा, नेसार खान, कौशलेंद्र जमुआर, सनोज वर्मा, विजय सिंह (पिंटू), बालकेश्वर सिंह, दिनेश सिंह, विजय केशरी, गोपाल गोप, केदार साहू, सुमित महली, मनोहर राय, मनोहर बड़ाइक, कामेश्वर साय, लक्ष्मी नारायण यादव, संतोष पंडा, विकाश कुमार सिंह, संतोष सिंह, रविशंकर सिंह, संदीप कुमार, संभु सिंह, बबलू वर्मा, रंजीत सोनी, दिलीप बड़ाइक, लक्ष्मीकांत बड़ाइक, शम्भू नायक, जगत ठाकुर, पायल तिवारी, लक्ष्मी बड़ाइक, सोनमणि देवी, गुड्डी नंदा, रामेश्वरी उरांव, सत्रुधन सिंह, मनोज सिंह, दिनेश चौधरी, छोटेलाल उरांव, बुधराम नायक, अमित कुमार पांडेय, बड़ाइक नवीन सिंह, अमर पांडेय, विजय शंकर दास, अभिषेकचन्द्र उरांव, वीरेंद्र साहू, कमलेश राम, मनोज तिवारी, राजकुमार सिंह, कमल महतो, हरीनारायण महतो, विशुन साहू, रामचरित सिंह, संजय महतो, अर्जुन सिंह, योगेंद्र सिंह, आदि उपस्थित थे।

## डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी की विचारों पर चलकर भाजपा बनी है आज विश्व की सबसे बड़ी पार्टी : डॉ अरुण उरांव

### भाजपा ने डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी की मनाई जयंती

**खबर मंत्र संवाददाता**




**लोहरदगा।** डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती जिला भाजपा के तत्वाधान में अटल भवन गुदरी बाजार में मनाई गई। जिसकी अध्यक्षता जिला अध्यक्ष मनीर उरांव ने किया। पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता डॉ अरुण उरांव भी उपस्थित थे। सर्वप्रथम डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पीत कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। इस अवसर पर डॉ अरुण उरांव ने कहा पार्टी की विचारधारा डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी की विचारों को आगे लेकर आज विश्व की सबसे बड़ी पार्टी के रूप में भाजपा स्थापित हुई है। जिसको लेकर डॉ मुखर्जी का कहना था एक देश में एक निशान एक विधान होना चाहिए इसी बात को लेकर डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी ने बिना परमिट के जम्मू कश्मीर में प्रवेश किया और उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया। 23 जून 1953 को रहस्यमय ढंग से उनकी मृत्यु हुई। जो आज भी रहस्य है। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में डॉ मुखर्जी की विचारधारा को लेकर कई कार्य किया जा रहे हैं। हमें उम्मीद है वर्ष 2047 में भारत एक विकसित राष्ट्र बनेगा। जयंती पर भाजपा जिला अध्यक्ष मनीर उरांव प्रदेश कार्य समिति सदस्य ओमप्रकाश सिंह ने संबोधित किया। मंच का संचालन जिला महामंत्री राजकुमार वर्मा ने किया एवं धन्यवाद ज्ञापन नगर अध्यक्ष अमरेश भारती ने किया। इस अवसर पर बृज बिहारी प्रसाद, राजकिशोर महतो, बिंदेश्वर उरांव, कलावती देवी, नवीन कुमार टिंकू, नीरज नलिन, अनिल उरांव, अमित लोहरा, प्रकाश नायक, संगीता कुमारी, सुरेश लोहरा, राजेश महतो, उमेश कांस्यकार, निधिकांत प्रसाद, तरुण देवघरिया, लाल निरंजन सहदेव, लक्ष्मी नारायण भगत, बृजनंदन यादव, सुरेश बैठा, राजेश महतो, सजल कुमार, तुषार कुमार आदि उपस्थित थे।

## सासंग पंचायत में लगा जनता दरबार, विकास मेला सह स्वास्थ्य शिविर, डीसी ने सुनी लोगो की फरियाद

# सबकी सहभागिता से ही धरातल पर उतरेगी योजनाएं: गरिमा सिंह

➲ सैकड़ो लाभुकों के बीच परिसम्पत्तियों का किया वितरण, लाभुकों को सौंपा गया स्वीकृति पत्र

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**चंदवा।** प्रखंड के सासंग पंचायत अंतर्गत डामर स्थित पंचायत सचिवालय प्रांगण में शनिवार को जनता दरबार, विकास मेला सह स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में डीसी गरिमा सिंह समेत जिला प्रशासन की पूरी टीम मौजूद रही, जहां उपायुक्त गरिमा सिंह ने लोगो की फरियाद सुनी गई व निराकरण को लेकर ऑन दी स्पॉट संबंधित विभाग के अधिकारियों को दिशा निर्देश भी दिया। शिविर में डीसी, डीडीसी समेत जिले के अधिकारियों ने बारी-बारी से विभिन्न योजनाओं के लाभुकों को स्वीकृति पत्र, चेक व परिसम्पत्तियों का वितरण किया। इस मौके पर उपायुक्त गरिमा सिंह ने कहा कि सभी के सहभागिता से ही संचालित जनकल्याणकारी योजनाएं घरातल पर उतरेंगी व जिले का सम्पूर्ण विकास होगा, इन्होंने आगे कहा कि केंद्र व राज्य सरकार आपसभी के विकास व जीवन स्तर को सुधारने को लेकर कई योजनाएं चला रखी है जिसका लाभ उठाकर आपसभी आगे बढ़े। जनता दरबार में अधिकारियों ने संचालित अबुआ आवास योजना, पशुधन विकास योजना, सुकन्या समृद्धि योजना, समग्र शिक्षा के विभिन्न गतिविधियों, सर्वजन पेंशन योजना, खाद्य सुरक्षा योजना, श्रम निबंध एवं प्रशिक्षण समेत विभिन्न विभागों के द्वारा संचालित विकास योजना की जानकारी दी व शिविर में लगे स्टाल के माध्यम से योजनाओं का लाभ उठाने के लिए अपील की।

### उपायुक्त समेत जिला प्रशासन का हुआ भव्य स्वागत

इसके पूर्व शिविर सह विकास मेला में पहुंचे उपायुक्त समेत जिला प्रशासन के अधिकारियों का जीएसएलपीएस की सखी मंडल की दीदियों के द्वारा पारम्परिक रीति रिवाज में मांदर की थाप व स्वागत गीत के साथ किया गया। इसके पश्चात प्रशासन के द्वारा उपायुक्त व अधिकारियों को बुके प्रदान कर सम्मानित किया, तत्पश्चात दीप प्रज्वलित कर डीसी व अधिकारियों ने कार्यक्रम की शुरूआत की।

## आकांक्षी जिला व आकांक्षी ब्लॉक संपूर्णता अभियान को सफल बनाने की दिलाई शपथ


चेक वितरण करते डीसी।

कार्यक्रम के दौरान उपायुक्त के नीति आयोग द्वारा आकांक्षी जिला व आकांक्षी ब्लॉक में शामिल लातेहार जिला में संचालित संपूर्णता कार्यक्रम के तहत 6 लक्ष्यों पूर्ण करने को लेकर शपथ दिलाई गई। जिसमें गर्भवती महिलाओं को समय पर प्रसव पूर्व देखभाल, गर्भवती महिलाओं को पूरक पोषण प्राप्त हो, सभी बच्चों का पूर्ण टीकाकरण, हर व्यक्ति मधुमेह और उच्च रक्तचाप की नियमित जांच, रॉयल हेल्थ कार्ड का वितरण, स्वयं सहायता समूह को रिवाल्विंग फंड एवं स्कूलों में बुनियादी सुविधाएं सुनिश्चित करने का लक्ष्य रखा गया।

## जनप्रतिनिधियों ने उठायी क्षेत्र की ज्वलंत समस्याएं


मौके पर पदाधिकारी व अन्य।

जनता दरबार में चंदवा पश्चिम जिला परिषद सदस्य सरोज देवी, प्रखंड के उप प्रमुख अश्विनी मिश्रा व सासंग मुखिया पुष्पा देवी ने प्रखण्ड की ज्वलंत समस्याओं को जिला प्रशासन के समक्ष उठाया और निदान को लेकर पहल की भी मांग की। उप प्रमुख ने हाल सर्वे में हुई जमीन संबंधित त्रुटियों के कारण आमलोगों को हो रही परेशानी को उपायुक्त के समक्ष रखा साथ ही स्वस्थ्य व शिक्षा के क्षेत्र में कमियों को रखा। वहीं जिप सदस्य सरोज देवी ने कहा कि पूर्व में लगे आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत लगे विकास मेला में योजनाओं के लाभ को लेकर लोगों ने आवेदन किया था, लेकिन इसका लाभ नही मिला, आज जी गरीब व कई जरूरतमंद विकास योजनाओं के लाभ से कोसो दूर हैं। वहीं मुखिया पुष्पा देवी ने अबुआ आवास योजना के लाभुकों चयन में जनप्रतिनिधियों के दरकिनार किए जाने के कारण कई जरूरतमंद लोगों के वंचित होने की समस्या को रखा।

**मौके पर ये रहे मौजूद**

जनता दरबार के मौके पर डीडीसी सुरजीत सिंह, अपर समाहर्ता रामा रविदास, एलआरडीसी उदय कुमार, डीआरडीए निदेशक, प्रभात रंजन चौधरी, आइटीडीए निदेशक, सिविल सर्जन, जिला आपूर्ति पदाधिकारी रश्मि लकड़ा, जिला कल्याण पदाधिकारी, बीडीओ चन्दन प्रसाद, सीओ जयशंकर पाठक, मुजीबुल आरफीन, प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी रामनाथ यादव समेत जिला व प्रखंड प्रशासन के कई अधिकारी पदाधिकारी मौजूद थे। कार्यक्रम का संचालन जनसेवक लव पासवान व धन्यवाद ज्ञापन बीडीओ चंदन प्रसाद ने किया।

**स्पीड न्यूज**

### सहकार भारती का कार्यक्रम हुआ आयोजित


कार्यक्रम में उपस्थित लोग।

**बालूमाथ।** सहकार भारती झारखंड प्रदेश के लातेहार ईकाई के द्वारा अंतराष्ट्रीय सहकारिता दिवस के अवसर पर शनिवार को बालुमाथ प्रखंड मुख्यालय स्थित होटल देव इन में संगोष्ठी का आयोजन किया गया। आयोजित संगोष्ठी में बोलते हुए झारखंड प्रदेश के महामंत्री धनंजय कुमार ने कहा कि सहकार भारती यह केवल संगठन नहीं बल्कि एक वैचारिक आंदोलन है। समाज परिवर्तन का एक सशक्त साधन है। सहकारिता क्षेत्र में राष्ट्रीय स्तर पर कार्य करने वाला सहकार भारती यह एक मात्र स्वयं सेवी संगठन है। इस संगोष्ठी बैठक में सहकार भारती के प्रदेश संपर्क प्रमुख उमेश कुमार,अखिलेश पाठक, रविन्द्र प्रसाद, रामजी सिंह, अरविन्द भगत, अखिलेश भोगता, विजय ठाकुर, मंजु देवी, सूरज साहा, विशाल तिवारी, संजीव गुप्ता समेत कई विभिन्न पंचायतो से आये सैकडो की संख्या में कार्यकताओं ने कार्यक्रम में भाग लिया।

### सर्पदंश से वृद्ध अचेत, रिम्स रेफर



**बालूमाथ।** एकीकृत बालूमाथ प्रखंड क्षेत्र के गोनिया ग्राम में सांप के काटने से एक 60 वर्षीय वृद्ध अचेत हो गया। घटना के संबंध में मेरी जानकारी के अनुसार रामेश्वर गंझु 60 वर्ष पिता स्व. हुलास गंझु ग्राम नवाडीह, गोनिया थाना बारियातु निवासी अपने खेत में काम कर रहा था। जहां विषैला सांप ने उसे काट लिया। जिससे वह अचेत हो गया। घटना के बाद परिजनों द्वारा रामेश्वर गंझु को बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां डॉक्टर सुरेंद्र कुमार द्वारा प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज हेतु रांची रिम्स रेफर किया गया।

### भ्रष्टाचारी एवं घूसखोरी के विरोध में आठ जुलाई को भाजयुमो का तालाबंदी व घेराव

**मनिका।** मनिका अंचल कार्यालय में लगातार हो रहे धांधली, भ्रष्टाचार एवं घूसखोरी के विरोध में भाजयुमो के कार्यकताओं के द्वारा मंडल अध्यक्ष अंकित राज के नेतृत्व में 8 जुलाई दिन सोमवार को अंचल कार्यालय में तालाबंदी और घेराव करने का आवाहन किया गया है। वहीं जानकारी देते हुए भाजयुमो मंडल अध्यक्ष मनिका अंकित राज ने बताया कि भाजयुमो झारखंड प्रदेश अध्यक्ष शशांक राज के आदेशानुसार एवं जिला अध्यक्ष छोटू राजा के निर्देश पर मनिका अंचल कार्यालय में जाति प्रमाण पत्र, आवासीय प्रमाण पत्र, जमीन की दाखिल खारिज,अंचल कार्यालय से संबंधित कामों के नाम पर अवैध वसूली समेत इत्यादि परेशानियों को लेकर अंचल कार्यालय में तालाबंदी और घेराव कर विरोध प्रदर्शन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि प्रदेश अध्यक्ष के आदेश पर यह अभियान पूरे राज्य में चलाया जा रहा है।

### विधानसभा चुनाव को लेकर पूर्व विधायक प्रकाश राम नें चलाया जनसम्पर्क अभियान


जनसंपर्क अभियान चलाते प्रकाश राम।

**बारियातू।** प्रखंड के फूलसु पंचायत अंतर्गत ग्राम बारीबांध, फुलसू, हिसरी, मतकोमा, लाटू, सतीटांड, करमा, मुक्की सहित अन्य गांव मुहल्लो मे लातेहार विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक प्रकाश राम सह भाजपा प्रदेश कार्यकारणी सदस्य ने अपने कार्यकर्ताओं के साथ जन संपर्क अभियान चला कर ग्रामीणों मुलाकात की और आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारी को लेकर विशेष रूप सें चर्चा किया। उपस्थित कार्यकर्ताओ को क्षेत्र मे जनमत तैयार करने के लिए कई दिशा निर्देश भी दिया। मौके पर ओबीसी मोर्चा जिला उपाध्यक्ष देवनंदन प्रसाद, ओबीसी मोर्चा प्रखंड अध्यक्ष महेंद्र प्रसाद, भोक्ता समाज प्रखंड कोषाध्यक्ष योगेंद्र गंझु, प्रजापति कुम्हार महासंघ प्रखण्ड सचिव सोनु प्रजापति, जगदीश उरांव, सुरेंद्र भोक्ता, विनोद भोक्ता, किशोर प्रसाद सहित काफी संख्या में ग्रामीण एवं कार्यकर्त्ता उपस्थित थे।

### आरके इलेक्ट्रॉनिक का उद्घाटन


उद्घाटन करते समाजसेवी।

**चंदवा।** एनएच 99 चंदवा मुख्य शहर स्थित थाना के समीप शनिवार को आरके इलेक्ट्रॉनिक नामक प्रतिष्ठान का शुभारंभ हुआ। जिसका उद्घाटन युवा समाजसेवी रिकी वर्मा ने फीता काटकर किया। प्रतिष्ठान के संचालक रोनी रिहान ने बताया कि दुकान में इलेक्ट्रॉनिक की वस्तुएं उपलब्ध है साथ ही एसी, फ्रिज, कूलर, पंखा समेत इलेक्ट्रॉनिक समनो का रिपेयरिंग भी किया जाएगा। उद्घाटन के मौके पर शरद सिन्हा, रेहान, अमीर, कैश, पंकज केसरी, अभिषेक, आदिल, यूनुस, दीपक, अजय कुमार समेत कई अन्य लोग मौजूद थे।

# कल से अनिश्चित हड़ताल पर चले जाएंगे ट्रक मालिक

**खबर मन्त्र संवाददाता**


कालियरी।

**बालूमाथ।** बालूमाथ प्रखंड क्षेत्र में सीसीएल द्वारा संचालित मगध कोलियरी में विस्थापित-प्रभावित ट्रक ऑनर एसोसिएशन के बैनर तले आगामी 8 जुलाई से ट्रक ऑनर अनिश्चित कालीन हड़ताल पर चले जायेंगे। ट्रक मालिकों ने बताया कि वर्ष 2018 का तय भाड़ा ट्रांसपोर्टर नहीं दे रहे हैं। मगध कोलियरी के विस्थापित एवं प्रभावित बेरोजगार लोगों ने रोजगार के लिए ट्रक खरीदा है। रोजगार का एकमात्र साधन ट्रक है। जिससे परिवार का भरण पोषण होता है। लेकिन भाड़ा में निरंतर गिरावट होने से हम लोग अपनी गाड़ियों का पेपर, मेंटेनेंस एवं किश्त भी नहीं दे पा रहे हैं। ऐसी स्थिति उत्पन्न हो गई है कि हम लोग आत्महत्या करने को मजबूर होते जा रहे हैं। मगध कोलियरी में झारखंड राज्य से बाहर की गाड़ियां आकर कोलियरी में कम भाड़ा में माल ढुलाई करने का काम करती है। जहां एक ओर विस्थापित प्रभावित ट्रक मालिक जिला एवं राज्य सरकार को टैक्स देते हैं। वहीं विभिन्न कंपनियों के ट्रांसपोर्टर राज्य के बाहर की गाड़ियां लाकर मोटर यान अधिनियम टू पॉइंट का उल्लंघन करते हुए कम भाड़ा में माल ढुलाई करते है। जहां राज्य सरकार की सोच है कि स्थानीय लोगों को रोजगार मिले वहीं बाहर की गाड़ियां आने एवं कम भाड़ा में माल ढुलाई होने से स्थानीय लोगों का हक छीना जा रहा है। आंदोलन का नेतृत्व कर रहे बालूमाथ उप-प्रमुख कामेश्वर राम ने कहा की मामले को लेकर हम लोगों ने लातेहार एवं चतरा जिले के उपायुक्त, एसडीओ लातेहार चतरा, जिला परिवहन पदाधिकारी लातेहार चतरा, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी बालूमाथ टंडवा, अंचलाधिकारी बालूमाथ टंडवा, थाना प्रभारी बालूमाथ टंडवा, महाप्रबंधक मगध, परियोजना पदाधिकारी मगध, सेल्स मैनेजर मगध समेत कई लोगों को लिखित आवेदन देकर उपरोक्त मामले में कार्रवाई की मांग किये है। इस दिशा में सीसीएल एवं ट्रांसपोर्टर द्वारा आगामी आठ जुलाई से पहले अगर कोई पहल नहीं होता है। तो सभी ट्रक मालिक के आठ जुलाई से हड़ताल पर चले जायेंगे। इसको लेकर आंदोलन की रूपरेखा तैयार कर ली गई है। यदि इस बीच ट्रांसपोर्टर चाहे तो आकर एशोसिएशन के पास अपना बात रख सकते हैं और एशोशियेशन द्वारा वर्ष 2018 का निर्धारित किया हुआ भाड़ा लागू कर सकते हैं। ऐसे लोगो का स्वागत है।

### प्रमंडल स्तरीय सुब्रत मुखर्जी फुटबॉल टूनार्मेंट में चंदवा प्लस 2 विद्यालय की बालिकाओं ने मारी बाजी


विजेता टीम।

**खबर मन्त्र संवाददाता**

➲ लातेहार जिला का प्रतिनिधित्व करते हुए गढ़वा की टीम 4-0 से पराजित कर बनी विजेता

**चंदवा।** गढ़वा में आयोजित सुब्रतो मुखर्जी फुटबॉल टूनार्मेंट के अंडर 17 में लातेहार जिला की बालिका टीम का भी दबदबा रहा है। लातेहार जिला टीम की अगुवाई कर रही प्लस 2 हाई स्कूल की बालिकाओं की टीम ने यहां खेले गए फाइनल मुकाबला 4-0 के अंतर से जीत लिया। गढ़वा स्थित आरके राम साहू खेल स्टेडियम में खेले गए फाइनल मुकाबले में गढ़वा की टीम को 4-0 से हराकर बालिकाओं की टीम ने भी प्रमंडल में चैम्पियन बनने का गौरव हासिल किया। बता दे की यह टूनार्मेंट प्रमंडल स्तरीय आयोजित थी, बालक वर्ग में भी खीस्त राजा विद्यालय की टीम भी प्रमंडल स्तर पर विजयी रही है। अब बालिकाओं की टीम ने भी लातेहार जिला का नाम रौशन किया है। लातेहार जिला की टीम में चंदवा प्रखंड की बालिकाओं का महत्वपूर्ण रोल रहा है। टूनार्मेंट जीतने के बाद शनिवार को टीम की सभी सदस्य विद्यालय पहुंची। यहां प्राचार्य विजय कुमार के नेतृत्व में शिक्षकों ने सभी खिलाड़ियों का हौसला अफजाई किया। उन्हें प्रशस्ति पत्र व मेडल देकर सम्मानित किया। विजेता टीम में कप्तान पूर्णिमा कुमारी के अलावे इंदु कुमारी, आरती कुमारी, संजना टोप्पो, जूही कुमारी, स्वीटी कुमारी, स्नेहा कुमारी, पूजा कुमारी, मोनिका कुमारी एवं सुषमा कुमारी शामिल थी। प्राचार्य श्री कुमार के अलावे शारीरिक शिक्षक उत्तम सिंह एवं अन्य शिक्षकों ने सभी खिलाड़ियों को बधाई दिया। राज्य स्तरीय टूनार्मेंट में बेहतर प्रदर्शन को लेकर अग्रिम बधाई दी। टीम की कोच रूपंती कुमारी के अलावे कप्तान पूर्णिमा कुमारी एवं पूरी टीम को शिक्षकों ने निजी कोष से आर्थिक मदद भी की। इधर बालक को बालिकाओं दोनों वर्ग में प्रमंडल स्तर पर लातेहार जिला का प्रतिनिधित्व करते हुए चंदवा के दोनो टीमो विजय होने पर बीईईओ जयश्री पूरी, बीआरपी प्रतीक सिन्हा समेत शिक्षा विभाग के लोगो ने बधाई दी है।

### यूनियन बैंक ऑफ इंडिया के शाखा प्रबंधक ने बीएस कॉलेज में किया पौधारोपण


पौधा रोपण करते शाखा प्रबंधक आशीष कुमार गुप्ता।

**खबर मंत्र संवाददाता**

➲ यूनियन बैंक ऑफ इंडिया के शाखा प्रबंधक ने बीएस कॉलेज में किया पौधारोपण

➲ पर्यावरण संरक्षण हमारा मूल कर्तव्य है: आशीष

**लातेहार।** राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वाधान में शुक्रवार को बनवारी साहू महाविद्यालय के प्रांगण में यूनियन बैंक ऑफ इंडिया शाखा प्रबंधक आशीष कुमार गुप्ता के द्वारा मौलश्री का पौधा महाविद्यालय परिसर में लगाया गया। वहीं श्री गुप्ता ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण हमारा मूल कर्तव्य है। हम सभी प्रकृति के प्रति हमारे दायित्व और कर्तव्यों का जिम्मेदारी से निर्वहन करें। प्रकृति की समृद्ध विरासत को सहेंजे। इसी के साथ प्रकृति और प्राकृतिक संसाधनों के प्रति हमारी जिम्मेदारियां समझें। उन्होंने कहा कि जिले को हरा-भरा रखने के लिए आवश्यक है कि हम सभी संकल्पित होकर पौधरोपण करें और पौधों की समुचित देखभाल करें। पौधे पर्यावरण संरक्षण के लिए किए जाने वाले प्रयासों में प्रत्येक व्यक्ति की समुचित भागीदारी हो। प्रत्येक व्यक्ति आवश्यक रूप से बारिश के मौसम में कम से कम एक पौधा लगाए और उसकी समुचित देखभाल की जिम्मेदारी ले।

सभी के प्रयासों से हम क्षेत्र को हरा-भरा और खुशहाल रख सकेंगे। इस अवसर पर कार्यक्रम पदाधिकारी नवल किशोर प्रसाद ने शाखा प्रबंधक को धन्यवाद व्यक्त करते हुए कहा की वन महोत्सव के अवसर पर शाखा प्रबंधक के द्वारा बच्चों में पर्यावरण के प्रति जागरूकता और महत्व को दशार्ते हुए सराहनीय कार्य है। वहीं महाविद्यालय के प्राचार्य प्रदीप कुमार तिवारी ने शाखा प्रबंधक के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में प्रोफेसर संजीत कुमार एवं चंदन कुमार, एनएसएस वालंटियर्स समेत कई लोग उपस्थित थे।

**एक नजर में**

### 9 से होगा पंचायत स्तरीय राजस्व शिविर का आयोजन


जानकारी देते सीओ नंद कुमार राम।

**बारियातू।** प्रखंड क्षेत्र के सभी पंचायत हल्का स्तरीय राजस्व शिविर 9 जुलाई से लगाया जायेगा। इस संबन्ध में जानकारी देते हुए अंचलाधिकारी नंद कुमार राम ने बताया कि सचिव राजस्व विभाग झारखंड सरकार से प्राप्त निर्देश के आलोक मे भुमि रैयतों के पैतृक परिवारिक संपत्ति को आपसी बंटवारा उत्ताधिकार के आधार पर राजस्व अभिलेख को अद्यतन तथा खतियानी रैयत के उत्तराधिकार को विधिवत स्वामीत्व प्रदान करने हेतु पैतृक/पारिवारिक संपत्ति को आपसी बंटवारा, व उतराधिकारी के आधार पर दखल खारिज करने हेतु प्रखंड क्षेत्र मे नौ जुलाई से 11 जुलाई तक पंचायत हल्का स्तरीय राजस्व शिविर लगाया जायेगा। 09 जुलाई को बालुभांग डाढा, टोटी, व गोनिया पंचायत, 10 को फुलसु व बारियातू 11 जुलाई को शिबला, अमरवाडीह व साल्वे पंचायत मे शिविर का आयोजन किया जाएगा। अंचलाधिकारी सह बीडीओ नंदकुमार राम ने प्रखंड क्षेत्र के भुमि रैयतों को शिविर मे पहुँच कर इसका लाभ लेने की अपिल की है।

### विद्यार्थियों को किया गया जागरूक


जानकारी देते अधिकारी।

**चंदवा।** शहर से सटे सरोज नगर स्थित ग्रीनफील्ड एकेडमी परिसर में शनिवार को अग्नि जनित क्षति से सुरक्षा को लेकर बच्चों के बीच जागरूकता अभियान चलाया गया। इस दौरान बच्चों के समक्ष अग्नि से होने वाली क्षति विषयान्तर्गत मॉक ड्रिल के माध्यम से आग से बचाव को लेकर उठाए जाने वाले महत्वपूर्ण कदमों की जानकारी विस्तार से दी गई। मॉक ड्रिल का नेतृत्व शिक्षक अमर कुमार कर रहे थे। इस दौरान बोरी कागज आदि में आग लगाकर अग्निशमन यंत्रों का तत्काल उपाय करने की विधि बताई गई। साथ ही आग से प्रभावित लोगों को किस प्रकार प्राथमिक उपचार एवं सुरक्षित स्थानों तक पहुंचने की तकनीकी भी बताई गई। इस जागरूकता अभियान के दौरान विद्यालय के निदेशक अरविंद कुमार सिंह, अनुराधा सिंह एवं प्राचार्य उदय नारायण कपूर ने बच्चों से कहा कि अग्नि कभी भी कहीं भी बड़ा नुकसान कर सकती है। इससे बड़ी तादाद में जान माल का नुकसान होता है। अगर समय रहते सावधानी पूर्वक सुरक्षा उपकरणों का उपयोग एवं प्रभावित लोगों को सुरक्षित स्थानों पर निकलने का तरीका पता हो तो इसके नुकसान को काम किया जा सकता है। इसलिए इसके प्रति सभी को जागरूक होने की जरूरत है। मौके पर शिक्षक रंजन शर्मा, एलेक्स समेत विद्यालय के छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

### चंदवा बस स्टैंड के बाहर बस खड़ा होने पर रोष

**चंदवा।** चंदवा स्थित बस स्टैंड में नियमों का पालन नहा हो रहा है, 2 वर्षों से बस स्टैंड के बाहर एनएच रांची डालटेनगंज मुख्य मार्ग पर बसों को रोड के किनारे खड़ा कर दिया जाता है जबकि बस स्टैंड में गाड़ी रोकने का उचित प्रबंध है। बस स्टैंड के बाहर गाड़ी खड़ा करने से महिला यात्रियों एवं अन्य लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है बस स्टैंड के अंदर लाखों रुपए से लागत शौचालय का निर्माण किया गया है जिसे हर वर्ष टेंडर होता है परंतु दुर्भाग्य यह है कि आज तक उस शौचालय का ताला भी नहीं खुला है जिसके कारण यात्रियों को रोड के किनारे पेशाब करना पड़ता है जिससे वहां के स्थानीय लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है बस स्टैंड में समुचित व्यवस्था है परंतु कुछ लोगों की मिली भगत और गाड़ी वालों के आना कानी के कारण गाड़ी वाले एनएच पर ही गाड़ी लगा देते हैं जिससे आए दिन एनएच जाम हो जाया करता है आए दिन गाड़ी खड़ा करने से कई प्रकार की दुर्घटनाएं होती रहती है। प्रशासन के द्वारा कई बार हिदायत देने के बावजूद भी उसका पालन नहीं हो रहा है अत: जिला प्रशासन एवं प्रखंड प्रशासन अनुरोध है कि कृपया इसका निदान जल्द से जल्द किया जाए और जहां बस खड़ा करने का व्यवस्था किया गया है वहीं पर बस खड़ा किया जाए।

## मनिका प्रखंड के कुई गांव में पीसीसी पथ निर्माण में भारी अनियमितता

# ग्रामीणों के विरोध करने के बाद भी काम में नहीं हुआ सुधार

➲ कहीं चौड़ाई कम,तो कहीं कम ढलाई बीच में गड्ढा जैसे तैसे कर बिना एस्टीमेट के ही काम किया जा रहा पूरा

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मनिका।** मनिका प्रखंड मुख्यालय के रांकीकला पंचायत स्थित कुई गांव में पीसीसी पथ निर्माण में संवेदक के द्वारा भारी लापरवाही बरतने का मामला सामने आया है। जहां पर विधायक निधि अंतर्गत प्रखंड के रांकिकला पंचायत स्थित ग्राम कुई में स्वर्गीय विनोद साव के घर से अशर्फी यादव के घर होते हुए मुस्मकीम मियां के घर तक एन.आर.ई.पी.विभाग के द्वारा मिट्टी मोरम पथ मरम्मती का कार्य किया गया है। वहीं संवेदक के द्वारा कहीं पर चौड़ाई कम तो कहीं पर कम ढलाई करके पीसीसी पथ का निर्माण करवाया गया है साथ ही पीसीसी पथ के बीच-बीच में कई गड्ढे हैं जो हमेशा ही दुर्घटना को आमंत्रित करती है। वहां के ग्रामीण बताते हैं कि सड़क के बीच में गड्ढे होने से कई बार दो पहिया चालक दुर्घटना का शिकार होते रहते हैं। वहीं ग्रामीणों ने यह भी बताया कि पीसीसी पथ निर्माण के दौरान काम में अनियमितता देख लोगों ने इसका विरोध किया था लेकिन इसके बाद भी काम में कोई सुधार नहीं किया गया जैसे-तैसे करके बिना एस्टीमेट के ही काम पूरा किया गया है। लोगों ने कहा कि हम लोग मिट्टी के सड़क से पहले आना-जाना करते थे लेकिन कभी इतना परेशानी नहीं होता था लेकिन आज पीसीसी पथ निर्माण से हम लोगों को कोई लाभ नहीं हुआ है उल्टा सड़क में जगह-जगह गड्ढे एवं मोड़ में कम चौड़ाई करके सड़क निर्माण से हम लोगों को आए दिन दुर्घटना से गुजरना पड़ रहा है। जहां सड़क की चौड़ाई ज्यादा होनी चाहिए थी वहां कम कर दिया गया है कई जगहों पर सड़क मात्र 2 इंच ही ढलाई की गई है लेकिन इससे संवेदक को कोई फर्क नहीं पड़ता है क्योंकि इस सड़क से आवागमन हम ग्रामीणों को करना है और सारी परेशानी भी हम ही लोगों को झेलनी है। वहीं ग्रामीणों ने कहा कि सड़क के जगह-जगह पर बने हुए गड्ढे को भरते हुए सड़क निर्माण के कार्य में हुई कमियों में सुधार होना चाहिए ताकि हम लोगों को इस सड़क से आवागमन में सहूलियत मिल सके। मौके पर कई ग्रामीण उपस्थित थे।


पीसीसी पथ पर बने गड्ढे।

### पथ निर्माण के कार्य में जल्द से जल्द करवाया जाएगा सुधार: जेई

वहीं मामले के विषय में एन.आर.ई.पी.विभाग के जेई से बात किया गया तो उन्होंने कहा कि पीसीसी पथ निर्माण के कार्य में जो भी कमियां हैं उसमें जल्द से जल्द संवेदक के द्वारा सुधार करवाया जाएगा जब तक काम पूरा नहीं होगा तब तक फाइनल पेमेंट नहीं की जाएगी।

